**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2643**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

**टेलीकॉम और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई**

**2643. श्री पी. पी. चौधरी:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई योजना के विस्तृत उद्देश्य और घटक क्या हैं साथ ही प्रोत्साहन संरचना और पात्रता मानदंड क्या हैं;

(ख) इस योजना के तहत आवंटित कुल वित्तीय परिव्यय और पिछले तीन वर्षों के दौरान वितरित प्रोत्साहनों की राशि सहित तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों के लिए कोई घरेलू मूल्य संवर्धन लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(घ) इस योजना के तहत लाभान्वित होने वाली कंपनियों की संख्या, श्रेणी-वार (एमएसएमई/गैर-एमएसएमई), उनके प्रतिबद्ध निवेश और उनमें किए गए वास्तविक निवेश कितने हैं; और

(ड.) क्या घरेलू विनिर्माण और निर्यात पर योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई आकलन किया गया है, यदि हां, तो विशेष रूप रोजगार सृजन और आयात में कमी के संबंध में इसके निष्कर्ष क्या हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) दूरसंचार उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दिनांक 24.02.2021 की राजपत्र अधिसूचना संख्या 13-

01/2020-आईसी के माध्यम से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) को अधिसूचित किया है जिसमें विस्तृत प्रोत्साहन संरचना और पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं, यह अधिसूचना https://dot.gov.in/pli-scheme पर उपलब्ध है। जून, 2022 में इस स्कीम के दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया जिसमें भारत में डिजाइन किये गए, विकसित और निर्मित उत्पादों के लिए 1% अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाता है।

(ख) इस स्कीम का कुल वित्तीय परिव्यय 12,195 करोड़ रुपये है। दिनांक 31.10.2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएलआई लाभार्थियों को संवितरित कुल प्रोत्साहन निम्नानुसार है:

| **क्र.सं.** | **कंपनी का नाम** | **संवितरित राशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 1. | कोरल टेलीकॉम लिमिटेड | 1.13 |
| 2. | कॉमस्कोप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 25.95 |
| 3. | डिक्सन इलेक्ट्रो एप्लाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड | 6.51 |
| 4. | फ्लेक्सट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | 30.60 |
| 5. | फ्रॉग सेलसैट लिमिटेड | 2.12 |
| 6. | गो आईपी ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | 7.00 |
| 7. | जीएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 11.74 |
| 8. | जाबिल सर्किट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 78.62 |
| 9. | नियोलिंक टेली कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड | 21.79 |
| 10. | नेटलिंक आईसीटी प्राइवेट लिमिटेड | 3.08 |
| 11. | नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 46.92 |
| 12. | राइजिंग स्टार्स हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड | 20.33 |
| 13. | सनमीना-एससीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 12.00 |
| 14. | सिनेग्रा ईएमएस लिमिटेड | 2.80 |
| 15. | सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लिमिटेड | 9.50 |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | टेक्नीक्वा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 0.68 |
| 17. | तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड | 32.66 |
| 18. | वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 18.43 |
| **कुल योग** | | **331.86** |

(ग) इस स्कीम में लाभार्थी कंपनियों के लिए घरेलू मूल्य संवर्धन लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं।

(घ) दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 42 लाभार्थियों को मंजूरी दी गई है। दिनांक 31.10.2024 तक की स्थिति के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और गैर-एमएसएमई द्वारा किए गए वास्तविक निवेश की तुलना में प्रतिबद्ध निवेश का विवरण नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| **श्रेणी** | प्रतिबद्ध निवेश | वास्तविक निवेश |
|---|---|---|
| एमएसएमई | 644 | 369 |
| गैर-एमएसएमई | 3,370 | 3,629 |
| **कुल (अनुमानित)** | **4,014** | **3,998** |

(ङ) विभाग द्वारा इस स्कीम के कार्यान्वयन और परिणामों की गहन निगरानी की जा रही है। दिनांक 31.10.2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएलआई लाभार्थियों ने 25,359 व्यक्तियों को रोजगार और 13,007 करोड़ रुपये के निर्यात सहित कुल 68,708 करोड़ रुपये की बिक्री की सूचना दी है।

*****